हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 90 | देहरादून, बुधवार, 27 सितंबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



स्वास्थ्य सचिव की मेहनत ने दिखाया रंग, आयुष्मान उत्कृष्ट अवार्ड से सम्मानित हुआ उत्तराखंड 3

# लंदन में पोमा ग्रुप के साथ 2 हजार करोड़ रुपए का एमओयू : धामी

## सर्विस सेक्टर का बड़ा केंद्र है लंदन : मुख्यमंत्री



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

लंदन, 27 सितंबर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने लंदन के कई प्रमुख उद्योग घरानों से भेंट करते हुए उत्तराखण्ड में निवेश की सम्भावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री धामी की उपस्थिति में लंदन में पोमा ग्रुप के साथ 2 हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टर एमओयू साइन किया गया, राज्य सरकार की ओर से सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयू साइन किया। मुख्यमंत्री धामी ने सभी निवेशकों को आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु उत्तराखण्ड आने के लिए आमंत्रित भी किया।

**उत्तराखण्ड में इको फ्रैंडली टूरिज्म को मिलेगी रफ्तार : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश की भौगौलिक परस्थितियों को देखते हुए उत्तराखण्ड में इको फ्रैंडली टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। पोमा ग्रुप दुनियाभर में रोपवे निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी है। पोमा ग्रुप का उत्तराखण्ड में काम करने का बहुत पुराना अनुभव है चमोली जिले के औली रोपवे में पोमा ग्रुप तकनीकी सहयोग प्रदान कर चुका है इसके अलावा वर्तमान पोमा रोपवे देहरादून-मसूरी रोपवे, एवं यमुनोत्री रोपवे प्रोजेक्ट्स में भी तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पोमा गुप द्वारा हरिद्वार समेत कई अन्य धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों में रोपवे के लिए तकनीकी सहयोग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए निवेश की इच्छा जाहिर की गई। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडे, सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा समेत डेलीगेशन के अन्य सदस्य एवं इन्वेस्टर्स मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस पर्यटन के साथ-साथ इकोलॉजी और इकॉनमी पर भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश के लिए ऐसे रास्तों की तलाश कर रही है जिसमें विकास और पर्यावरण का संतुलन बना रहे। ऐसे में रोपवे जैसे विकल्प उत्तराखण्ड में जहां एक ओर पर्यटकों को सुगमता प्रदान करेंगे वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ने के साथ ही पर्यावरणीय दृष्टिकोंण से भी यह बेहतर सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री धामी ने लंदन में निवेशकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लंदन सर्विस सेक्टर का भी बड़ा केंद्र है इसलिए यहां टूरिज्म, आईटी, हेल्थकेयर के क्षेत्र के बड़े निवेशक कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड एक पर्वतीय राज्य होने के कारण यहां की यहां की कृषि जलवायु भी अन्य राज्यों से भिन्न है।

आज के दौर में यूरोप से लेकर सभी देशों के ऑर्गेनेक उत्पादों की विशेष मांग हैं। उन्होंने कहा कि समिट के जरिए उत्तराखण्ड के उत्पादों को विदेशों में और प्रभावी रुप से पंहुचाया जा सकेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दुनियाभर से निवेशक उत्तराखण्ड का रुख करें, ताकि यहां की औद्योगिक गतिविधियों को और रफ्तार मिल सके।

# 4 जी नेटवर्क के लिए बीएसएनएल को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश : मुख्य सचिव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 27 सितंबर, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के तहत 5वीं स्टेट ब्रॉडबैंड कमिटी की बैठक आयोजित हुयी। मुख्य सचिव ने प्रदेश को 4जी नेटवर्क से पूर्णतः संतृप्त करने के लिए बीएसएनएल को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि जहां ग्रिड के माध्यम से विद्युत पहुंचा पाना सम्भव न हो या अत्यधिक महंगा हो, वहां सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बीएसएनएल एवं यूपीसीएल से विद्युत एवं नेटवर्क सेवा उपलब्ध कराने हेतु समयसीमा निर्धारित कर शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने भारतनेट फेज-1 के तहत सभी ग्राम पंचायतों में तेजी से भारतनेट की उपलब्धता



सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को इसके उपयोग के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु सहित सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य में सडक़ों के पैचवर्क (गडढा मुक्त) के लिए इस वर्ष 450 करोड़ रूपये जारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। अपर मुख्य सचिव मती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में सडक़ों के पैचवर्क (गडढा मुक्त) के लिए इस वर्ष 450 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं। गढ़वाल मण्डल के जिलाधिकारियों को भी एसीएस ने सडक़ों को गडढा मुक्त करने के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक दो महीने का गहन अभियान चलाने की डेडलाइन दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में क्रैश बैरियर लगाए जाने को लेकर शासन स्तर पर कार्यवाही पूरी हो चुकी है। सडक़ सुरक्षा के लिए इस वर्ष 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। एसीएस ने जिलाधिकारियों को इस सम्बन्ध में जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एम्स ॠषिकेश में पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की सहायता व सुविधा के लिए हेल्प डेस्क तथा जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनाने में सहायता के लिए एम्स में भी विशेष हेल्प डेस्क बनाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।


सचिवालय में समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव मती राधा रतूड़ी ने गढ़वाल मण्डल के जनपदों में चिकित्सा, पेयजल, शिक्षा, सडक़ों व अन्य मूलभूत जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

डेंगू के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए एसीएस राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को जिलों में डेंगू कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही जन जागरूकता व स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को पीएमजीएसवाई योजना की नियमित समीक्षा के साथ ही इसमें जिला प्रशासन की सक्रिय भागीदारी की हिदायत दी है। एसीएस ने गढ़वाल मण्डल के जिलों विशेषकर चारधाम यात्रा मार्ग पर वेस्ट मैनेजमेण्ट में बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने के साथ ही इस पर त्वरित कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए हैं।

# पॉजिटिव खबरें दिल दिमाग को स्वस्थ बनाती हैं, रिसर्च

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 27 सितम्बर : सूचनाओं के इस दौर में निगेटिव खबरें लगातार आ रही हैं। निगेटिव सूचना क्रांति से थकान और तनाव बढ़ रहा है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पॉजिटिव खबरें खुशी और भावनात्मक लचीलापन बढ़ाती हैं। अलग-अलग विश्वविद्यालयों की रिसर्च के मुताबिक, लोग अच्छी खबरों पर बात करना और इन्हें साझा करना पसंद करते हैं। द हैप्पीअर किताब के लेखक और द हैप्पीनेस स्टडीज एकेडमी के फाउंडर डॉ. कहते हैं कि सकारात्मक खबरें पढ़कर लगता है कि दुनिया अच्छी जगह है। निगेटिव माहौल का सामना करने में मदद मिलती है। शॉर्ट टर्म में मूड अच्छा होता है और लॉन्ग टर्म में सुखद नजरिया मिलता है। हार्वर्ड



से लेकर ब्रिघम यंग यूनिवर्सिटी तक की रिसर्च में सामने आया पॉजिटिव खबरें बढ़ाती है संतुष्टि तनाव और चिंता को कम करती हैं

साउथम्पटन यूनिवर्सिटी की 2016 में की गई एक रिसर्च के मुताबिक, पॉजिटिव खबरें और अच्छी जानकारियां हमारी मानसिकता में बदलाव लाती हैं। जब हम पॉजिटिव खबरें पढ़ते हैं तो शरीर में तनाव हार्मोन का स्तर कम हो जाता है।

वाशिंगटन की गोंज़ागा यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के मुताबिक, सकारात्मक खबरें साझा करने और पढ़ने से क्वालिटी ऑफ लाइफ भी सुधरती है। खासतौर पर जब आप परेशानी में हो या किसी आपदा के दौर से गुजर रहे हों तब सकारात्मक खबरें आपको जीने की नई उम्मीद देती हैं हार्ट को स्वस्थ बनाती हैं। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की 2018 की एक रिसर्च के मुताबिक, लगातार पॉजिटिव खबरें पढ़ने से हार्ट स्वस्थ बनता है। ब्लड प्रेशर संतुलित रहता है। इंसोमनिया यानी अनिद्रा की समस्या और मांसपेशियों के तनाव में भी यह फायदेमंद है। सकारात्मक खबरें तनाव भी कम करती हैं। ब्रिघम यंग यूनिवर्सिटी के रिसर्चर नथानिएल लैम्बर्ट ने 2012 में शोध में पाया कि जो लोग पॉजिटिव खबरें, स्टोरी और आर्टिकल शेयर करते हैं वे ज्यादा खुश रहते हैं। उनका नजरिया लगातार विकसित होता जाता है। सकारात्मक खबरें और अनुभव साझा करने से संतुष्टि चरम पर पहुंचने लगती है।

नॉलेज के लिए प्रेरित करती हैं एंगेज्ड न्यूज प्रोजेक्ट नाम से 2014 में किए गए एक शोध के मुताबिक, जब लोग समाचार पत्र के पेज पर एक पॉजिटिव खबर पढ़ते हैं तो उनके लंबे समय तक उसी पेज बने रहने की संभावना बढ़ती है। यानी पॉजिटिविटी पढ़ने वाले को सुकून देती है, उसे आकर्षित करती है।

# देर रात तक जागने के ये बड़े नुकसान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 सितम्बर : रात को समय पर सोना और सुबह सूरज निकलने के बाद जागना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। प्रकृति ने रात सोने के लिए और दिन काम के लिए बनाया है, लेकिन कुछ लोग देर रात यानी सुबह होने तक जागते हैं और आधे दिन तक सोते हैं। अगर हम कुदरत को दरकिनार करके अपना रास्ता अलग बनाएंगे तो उसका अंजाम हमें भुगतना ही होगा। अच्छी सेहत के लिए रात की नींद बेहद जरूरी है। रात को जल्दी सोना और सुबह 6 बजे तक उठना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है।

देर रात तक जागने से सुबह हम देर तक सोते रहते हैं, जिससे हमारा भोजन ठीक से पचता नहीं और हमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको अक्सर देर रात तक काम करने या जागने की आदत है तो इस आदत को जल्द से जल्द बदल दीजिए। ये आदत आपको कई तरह की परेशानियां दे सकती है। पहलेदेर रात तक जागने से सेहत को नुकसानः देर रात तक जागने वाले लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर बढ़ने से बॉडी में अन्य बीमारियां जैसे ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट डिजीज के खतरे बढ़ने लगते हैं। देर रात तक जागने से भूख नियंत्रित करने वाले हार्मोन का स्तर भी प्रभावित होता है।

देर रात तक जागने से आप मानसिक रोगी बन सकते हैं। सुबह तक जागने से दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर पर बुरा असर पड़ता है, जिससे डिप्रेशन, एंग्जाइटी और सनक जैसी मानसिक बीमारियां हो सकती हैं। नींद पूरी नहीं होने की वजह से आपको दिन में गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आ सकती है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है।

सुबह देर से उठने से बॉडी में आलस भरा रहता है जिससे काम करने में मन नहीं लगता। दिन तक सोने से सिर भारी रहता है और आंखों में दर्द और आंखों की कई समस्याएं लगातार बनी रहती है। रात भर जागने से दिमाग पर भी असर पड़ता है। देर रात तक जागने से भ्रम की समस्या पैदा हो जाती है। नींद पूरी नहीं होने के कारण ऐसी चीजें दिखती हैं जिनका असल में कोई अस्तित्व ही नहीं होता।




# लिवर की समस्या से बचना चाहते हैं, तो खाने में करें ये बदलाव


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्युरो रपोर्ट 27 सितम्बर : लिवर की बीमारियां संपूर्ण शरीर के लिए दिक्कते बढ़ाने वाली हो सकती हैं। पेट और आंतों से निकलने वाला सारा खून लिवर से होकर गुजरता है। लिवर इस रक्त को संसाधित करने, पोषक तत्वों के अवशोषण, भोजन के पाचन को बढ़ावा देने के साथ कई प्रकार के हार्मोन्स भी रिलीज करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, युवाओं में बढ़ रही फैटी लिवर की समस्या काफी चिंताजनक है, इससे सभी लोगों को बचाव करते रहना चाहिए। फैटी लिवर की समस्या, उन लोगों को भी हो सकती है जो शराब नहीं पीते हैं।

फैटी लीवर डिजीज, जैसा कि इसके नाम से पता चलता है यह लिवर में वसा के निर्माण के कारण होने वाली समस्या है। इस बीमारी में लिवर के लिए सामान्य तरीके से काम कर पाना कठिन हो जाता है, जिसका असर संपूर्ण शरीर पर हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हर आयु के लोगों को लिवर की सेहत को ठीक रखने पर गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए, यह समस्या किसी को भी हो सकती है। आइए जानते हैं कि लिवर की इस बीमारी से बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है .

**क्यों होती है फैटी लिवर की समस्या ?**

फैटी लिवर डिजीज में, लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट जमा होने लगता है। वसा के इस प्रकार के जमाव के कई कारण हो सकते हैं। शराब का अधिक सेवन करने वालों



में इस तरह की समस्याओं के जोखिम अधिक होता है। वहीं, आहार और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण बिना शराब का सेवन किए भी आप में इस समस्या का जोखिम हो सकता है। मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, इंसुलिन प्रतिरोध, रक्त में ट्राइग्लिसराइड की अधिकता और मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसी समस्याओं के कारण भी फैटी लिवर डिजीज होने का खतरा हो सकता है। इसके लिए आहार और दिनचर्या को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

डॉक्टर बताते हैं फैटी लिवर की समस्या से बचाव के लिए आहार में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करना लाभकारी माना जाता है। फाइबर, लिवर के कार्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके लिए ताजे फल और सब्जियां, फलियां और साबुत अनाज को आहार में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा लिवर की इस समस्या से बचाव के लिए भोजन में नमक और चीनी की मात्रा को कम रखने की सलाह दी जाती है। लिवर की सेहत का ख्याल रखें।

# वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के पुरस्कार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 सितंबर , बॉलीवुड आइकन वहीदा रहमान को वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जैसा कि सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने घोषणा की है । वहीदा रहमान को 'गाइड', 'प्यासा', 'खामोशी', 'कागज के फूल' और 'चौदहवीं का चांद' जैसी फिल्मों में उल्लेखनीय प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए जाना जाता है। उनके उल्लेखनीय करियर ने फिल्म उद्योग में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म भूषण और पद्म श्री सहित कई पुरस्कार अर्जित किए हैं।



दादा साहब फाल्के पुरस्कार, भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान, सरकार द्वारा उन व्यक्तियों को दी जाने वाली मान्यता है जिन्होंने भारतीय सिनेमा की दुनिया में महत्वपूर्ण और स्थायी योगदान दिया है। इसकी घोषणा करते हुए, अनुराग ठाकुर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया, ₹मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि वहीदा रहमान जी को भारतीय क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए इस साल प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।₹ सिनेमा। वहीदा जी को हिंदी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए समीक्षकों द्वारा सराहा गया है, जिनमें प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहेब बीवी और गुलाम, गाइड, खामोशी और कई अन्य प्रमुख हैं।

उन्होंने आगे कहा, ₹अपने 5 दशकों से अधिक के करियर में, उन्होंने अपनी भूमिकाओं को बेहद खूबसूरती से निभाया है, जिसके कारण फिल्म रेशमा और शेरा में एक कुलवधू की भूमिका के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। पद्म श्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित, वहीदा जी ने एक भारतीय नारी के समर्पण, प्रतिबद्धता और ताकत का उदाहरण प्रस्तुत किया है जो अपनी कड़ी मेहनत से पेशेवर उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर को हासिल कर सकती है।'

# स्वास्थ्य सचिव की मेहनत ने दिखाया रंग, आयुष्मान उत्कृष्ट अवार्ड से सम्मानित हुआ उत्तराखंड





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

दिल्ली / देहरादून 27 सितंबर , शानदार नेतृत्व , बेहतरीन कमांड और खुद फील्ड में उतर कर जनहित की योजनाओं को साकार करने का जुनून ... नाकारों पर डंडा और योग्यता को सम्मान देने का फंडा .... जी हम बात कर रहे हैं उत्तराखंड सरकार के बेहद संवेदनशील और कामयाब ब्यूरोक्रेट और मौजूदा हेल्थ सेक्रेटरी डॉ आर. राजेश कुमार की जो एक बार फिर अपनी धाक जमाने में कामयाब हुए और दिल्ली में हासिल किया अपनी टीम के लिए सम्मान और खुद के लिए बड़ी पहचान...

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया ने स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार को सौंपा आयुष्मान उत्कृष्ट अवार्ड-2023

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जय) के पांच साल और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के दो साल पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 'आरोग्य मंथन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विज्ञान भवन में इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान दोनों योजनाओं से संबंधित चुनौतियों, रुझानों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। आरोग्य मंथन 2023 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने समापन सत्र को संबोधित किया।

वहीं 'आरोग्य मंथन' कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार को आयुष्मान उत्तराखंड अवार्ड 2023 के दो पुरस्कारों से नवाजा। यह राष्ट्रीय पुरस्कार राज्य को आयुष्मान क्लेम सेटलमेंट और डेली क्विक ऑडिट सिस्टम के सफल क्रियान्वयन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए दिया गया है। आपको बता दें उत्तराखंड वासियों के लिए आयुष्मान योजना वरदान साबित हो रही है। समाज का कमजोर व मध्यम वर्ग परिजन की बीमारी में अपने जेवर व मकान बेचने की स्थिति में आ जाता था। उपचार बेहद महंगे होने के कारण गरीब तबके के मरीज प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती होने की हिम्मत नहीं जुटा पाते थे।

लेकिन अब वो समय है कि बीमार होते ही गरीब पूरे अधिकार के साथ सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अपना उपचार करा सकते हैं, वो भी पूरी तरह मुफ्त में। ऐसा संभव किया जरूरतमंदो का सहारा बनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केन्द्र की भाजपा सरकार ने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान योजना ने समाज के कमजोर वर्ग को संबल प्रदान करने का कार्य किया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के दिशा निर्देशों में उत्तराखंड में आयुष्मान योजना की प्रगति अन्य राज्यों के मुकाबले सबसे बेहत्तर है। इसी का नतीजा है कि केन्द्र सरकार ने क्लेम सेटलमेंट में उत्तराखंड को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा है।

नई दिल्ली में राज्य के सबसे कामयाब और सक्रिय स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। उत्तराखंड समूचे भारतवर्ष में एकमात्र ऐसा राज्य है जो अपने प्रदेश के समस्त नागरिकों (लगभग 25 लाख परिवार) को 'अटल आयुष्मान योजना' के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दे रहा है। तमाम गंभीर रोगों से ग्रस्त लोगों को इस योजना के लाभ से नई जिंदगी मिली है। ऐसा कोई गांव, कस्बा या शहर नहीं जहां इस योजना का लाभान्वित व्यक्ति आपको न मिले।

**आयुष्मान क्लेम में उत्तराखंड का बेहतर काम**

उत्तराखंड को आयुष्मान योजना में क्लेम भुगतान में बेहतर काम करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। आयुष्मान योजना में कार्ड धारकों को पांच लाख तक के मुफ्त इलाज के लिए प्रदेश में 248 अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इसमें 102 सरकारी और 146 निजी अस्पताल शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की ओर से क्लेम भुगतान करने के लिए 15 दिन के मानक निर्धारित किए हैं। लेकिन उत्तराखंड में सात दिन के भीतर अस्पतालों को क्लेम का भुगतान किया जा रहा है।

## कलियासौड़ के गांवों को विडोलस्यूं पंपिंग योजना से जोड़ें

पौड़ी। ग्राम पंचायत कलियासौड़ के ग्रामो को विडोलस्यूं पंम्पिंग योजना में सम्मिलित कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही ग्राम पंचायत कलियासौड़ के ग्रामो को विडोलस्यूं पंम्पिंग योजना में सम्मिलित करने की मांग की है। डीएम को दिए गए ज्ञापन में ग्राम प्रधान सावित्री देवी, जगदंबा प्रसाद पांडेय, आशा देवी ने सोमवार को डीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कलियासौड़ के ग्राम ढामक में विडोलस्यू पम्पिंग योजना का निर्माण कार्य अधिशासी अभियंता पेयजल निर्माण शाखा श्रीनगर द्वारा किया जा रहा है और ग्राम सभा के खेत, भूमि से पेयजल पाईप बिछाई जा रही है लेकिन इस योजना से हमारी ग्राम सभा के राजस्व ग्रामों को सम्मिलित नहीं किया गया है। कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों के ग्रामो को जल जीवन मिशन से जो पेयजल आपूर्ति की जा रही है वह ग्रामीणों के लिए पर्याप्त नहीं है। पानी सुचारू रूप से नहीं आ रहा है और वर्तमान में जगह-जगह से पाईप लाइन छतिग्रस्त हो चुके हैं। जिससे पर्यटक स्थल धारीदेवी मन्दिर के दर्शनार्थियों हेतु पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रही है। यदि उक्त दोनों योजना में ग्राम सभा के राजस्व ग्रामों को पेयजल योजना में सम्मिलित नही किया जायेगा तो ग्रामीण अपने ग्राम की सीमा व खेतों से बिडोलस्यू पाईप लाईन नही बिछाने देगी व पंपिंग कार्य स्थल पर धरना देकर उक्त योजना का विरोध करेगी। उन्होंने जल्द ही ग्रामो को विडोलस्यूं पंम्पिंग योजना में सम्मिलित कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।

## पूर्व सैनिकों को उपनल से नौकरी का झांसा देकर ठगे 17 लाख

देहरादून। पूर्व सैनिकों को उपनल के जरिए नौकरी का झांसा देकर 17 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोपी महिला ने खुद को सचिवालय में कार्यरत होने और उपनल को अपने अधीन बताया। उसने झांसा देकर आठ पूर्व सैनिकों से यह रकम ठगी। काफी समय से आरोपी महिला गायब है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि पूर्व सैनिक राकेश चंद गुप्ता निवासी बड़ोवाला ने तहरीर दी। वह और उनके उनके परिचित पूर्व सैनिक साथी नवम्बर 2022 में पुष्पा शाह निवासी चूना भटटा अधोईवाला के संपर्क में आए। महिला ने झांसा दिया कि वह बहुत बड़ी संस्था का संचालन करती है। खुद को सचिवालय में कार्यरत होते हुए बताया कि उपनल और कई सिक्योरिटी एजेंसियां उनके अधीन हैं। बताया कि सरकारी विभागों में ट्रांसपोर्ट के अनुबंध पर टैक्सी भी वह देते हैं। झांसा दिया कि सैनिक कल्याण मंत्रालय के अधीन होने के चलते वह रिटायर सैनिकों और उनके आश्रितों को रोजगार दिलाते हैं।

## राजकीय शिक्षकों का चरणबद्ध आंदोलन 27 से

चमोली। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजकीय शिक्ष कें का चरणबद्ध आंदोलन बुधवार 27 सितंबर से शुरू होगा। प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाह्न पर राजकीय शिक्ष क जनपद चमोली के समस्त राजकीय शिक्षक विभाग द्वारा शिक्षकों की मांगों की लगातार अनदेखी होने से नाराज हैं। संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप भंडारी और जिलामंत्री प्रकाश चौहान ने बताया कि 4 अगस्त 2023 को संगठन की प्रदेश के शिक्षा मंत्री से वार्ता में मांगों पर जो सहमति बनी उन पर कार्रवाई आज तक नहीं हुई। जिसके चलते शिक्षक बुधवार को काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। जबकि 8 अक्तूबर को देहरादून में जागरण रैली, 16 अक्तूबर को ब्लाक एवं जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना, 26 अक्तूबर को मंडल मुख्यालय पर प्रदर्शन और 30 अक्तूबर को प्रदेश मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

शिक्षकों की प्रमुख मांगेः शिक्षकों की प्रवक्ता एवं हेडमास्टर पदों पर पद्दोन्नति। स्थानान्तरण विसंगतियों को दूर करना। अंतरमण्डलीय स्थानान्तरण आदेश निर्गत करना एवं स्कूलों का कोटीकरण सुधारकर उन्हें उप श्रेणियों में विभाजित करना। चयन - प्रोन्नत वेतनमान पर एक इंक्रीमेंट स्वीकृत करना,वेतन विसंगति को दूर करना। तदर्थ/बेसिक शिक्षकों को पूर्व की सेवा का लाभ देना। एलटी से प्रवक्ता पद पर पद्दोन्नत हुए शिक्षकों को पूर्व सेवा का लाभ देते हुए प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत करना। अटल स्कूलों को सीबीएसई है हटाकर उत्तराखंड बोर्ड केवल अधीन करना एवं अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों को सेवा गुणांक प्रदान करना।पारस्परिक स्थानान्तरण सूची जारी करना। उप प्रधानाचार्य के पद स्वीकृत करना। शारीरिक शिक्षा/कला व वाणिज्य को मुख्य विषय घोषित करने इन विषयों के प्रवक्ता पद सृजित करना। एलटी को स्टेट कैडर घोषित करना। स्थानान्तरण में काउंसिलिंग की व्यवस्था करना। प्रशासनिक एवं शैक्षिक संवर्ग को समाप्त कर शिक्षकों को भी उप शिक्षा अधिकारी पदों पर पदोन्नति देना। जनपद चमोली सीमांत जनपद होने केवल कारण सभी को सीमांत/दुर्गम भत्ता स्वीकृत करना शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लोग योजनाओं लाभ नहीं ले पा रहे : बहुगुणा

पौड़ी। पशुपालन मंत्री ने कहा कि दुग्ध विभाग की योजनाओं की जानकारी लोगों को नहीं होने से वे योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे है। पौड़ी पहुंचे पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने कोटद्वार, लैंसडौन व पौड़ी का भ्रमण कर लोगों से जानकारी जुटाई तो पता चला कि लोगों को दुग्ध विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी नहीं है। जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए अफसरों को योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को देने के निर्देश दिए। जिससे लोग इस विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे है। कहा कि डीएम पौड़ी को दुग्ध, मत्यस्य व पशुपालन विभाग की हर 15 दिन में समीक्षा करने के निर्देश दिए।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का चक्का जाम स्थगित

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संयोजक मंडल की ओर से मंगलवार को दून स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें नई बसों की खरीद, डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में 27 सितंबर की मध्यरात्रि से प्रस्तावित चक्का जाम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। अब तीन अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। तीन अक्टूबर को आईएसबीटी देहरादून पर एक दिवसीय कार्यबहिष्कार, पांच अक्टूबर को हल्द्वानी बस स्टेशन व 6 अक्टूबर को टनकपुर कार्यशाला पर एक दिवसीय कार्यबहिष्कार करेंगे। दस अक्टूबर को परेड ग्राउंड से सचिवालय कूच और उसी दिन मध्यरात्रि से संपूर्ण कार्यबहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकारियों ने फोन पर वार्ता कर उन्हें मांगों को लेकर जल्द ठोस कदम उठाने का आश्वासन दियश दिया है। इस दौरान संयोजक अशोक चौधरी, दिनेश पंत, राम किशुन राम, रविनंदन कुमार, उप महामंत्री हरेंद्र सिंह, मंडलीय मंत्री केपी सिंह, हरी सिंह, राकेश पेटवाल आदि मौजूद थे।

### अनामिका जस्यारी ने नेशनल कराते चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

देहरादून। राज कराते अकादमी मसूरी की कराते खिलाड़ी अनामिका जस्यारी ने अंडर 21 आल इंडिया कराते चैंपियनशिप में कास्य पदक हासिल कर मसूरी का नाम रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर मसूरी वासियों में खुशी की लहर है। राज कराते अकादमी के निदेशक एवं उत्तराखंड रैफरी कमीशन के चेयरमैन हेमराज शर्मा ने बताया देहरूदन के परेड ग्राउंड इंडोर स्टेडियम में 21 से 24 सितंबर तक आयोजित ऑल इंडिया कराते चैपियन शिप में मसूरी के चार खिलाडियों ठाकुर अंश, अनामिका, जस्यारी, सोनम पंवार व आदित्य शर्मा का चयन नेशनल चैपियनशिप के लिए उत्तराखड की टीम में हुआ था, जिसमें अनामिका जस्यारी ने नेशनल में बेहतर कराते खेल का प्रदर्शन कर कास्य पदक हासिल किया है।

# उत्तराखंड का सरमोली गांव बना देश का श्रेष्ठ पर्यटन गांव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 27 सितम्बर : कर्मठता और इच्छाशक्ति के दम पर अपने गांव को तरक्की की राह पर कैसे ले जाना है, ये कोई सरमोली गांव के निवासियों से सीखे। पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के पास स्थित सरमोली गांव के लोगों ने ग्रामीण पर्यटन को स्वरोजगार बनाया, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कदम उठाए। इन तमाम कोशिशों के सुखद नतीजे सामने आए हैं। पर्यटन मंत्रालय ने श्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता में सरमोली गांव का चयन किया है। 27 सितंबर को इसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाएगी। साथ ही गांव को श्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार दिया जाएगा। इस तरह सरमोली गांव देश का श्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया है।


सरमोली गांव अपनी समृद्ध संस्कृति और नैसर्गिक सुंदरता को समेटे हुए है। ईको टूरिज्म और साहसिक पर्यटन के लिए पर्यटक सरमोली गांव आते हैं। यहां से आप हिमालय, नंदा देवी, राजरंभा, पंचाचूली, नंदा कोट चोटियों का खूबसूरत नजारा देख सकते हैं, गांव के होम स्टे में रहकर शांति का अनुभव कर सकते हैं। बता दें कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने श्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता शुरू की है। इस दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 795 गांवों के आवेदन मिले। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांव स्तर पर किए गए बेहतर कार्यों पर सरमोली गांव को श्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चयनित किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय के ग्रामीण पर्यटन भारत की नोडल अधिकारी कामाक्षी माहेश्वरी ने राज्य को पत्र जारी कर सरमोली गांव को देश का श्रेष्ठ पर्यटन गांव चुने जाने की सूचना दी है। पत्र में पर्यटन विभाग और गांव के एक प्रतिनिधि को भी कार्यक्रम में भेजने का आग्रह किया गया है। सरमोली का श्रेष्ठ पर्यटन गांव चयनित होना, पूरे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।



# उत्तराखंड के इस ट्रैक पर बरसती है कुदरत की नेमत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



उत्तराखंड 27 सितम्बर : हिमालय की गोद में बसे उत्तरकाशी जनपद में प्रकृति ने दिल खोलकर नेमतें बरसी हैं। इन्हीं में से एक है हर्षिल क्यारकोटी ट्रैक। जो धरती पर स्वर्ग का अहसास करता है। प्राकृतिक फूलों से महकता यह ट्रैक रूट पिछले कुछ वर्षों से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां देशभर से पर्यटक प्रकृति के बीच सुकून के पल बिताने पहुंचते हैं।समुद्रतल से करीब 3480 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हर्षिल क्यारकोटी ट्रैक अपनी प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम दृश्यों के लिए जाना जाता है। जो कि भागीरथी तट पर बसे हर्षिल बेस कैंप से शुरू होता है।

करीब 16 किमी लंबे इस ट्रैक रूट को कठीनता में मध्यम स्तर का माना जाता है। जिसे पूरा करने में लगभग 6 से 7 दिन का समय लगता है। इस ट्रैक रूट पर हिमालय की बर्फ से ढकी माउंट श्रीकंठ, हॉर्न ऑफ हर्षिल और बंदरपूंछ श्रेणियों के दीदार भी होते हैं। यह ट्रैक रूट साहसी व प्रकृति प्रेमियों के लिए प्रकृति के बीच सुकून के पल बिताने के लिए धरती पर स्वर्ग से कम नहीं है। ग्रेट गंगोत्री एडवेंचर नाम से ट्रैकिंग एजेंसी संचालक सौरभ राणा ने बताया कि हर्षिल क्यारकोटी ट्रैक पर ट्रैकिंग के लिए साल में चार महीने सबसे उपयुक्त रहते हैं। इनमें प्री-मानसून सीजन में मई व जून तथा पोस्ट मानसून सीजन में सितंबर व अक्तूबर शामिल हैं। उत्तरकाशी पहुंचने के लिए निकटवर्ती रेलवे स्टेशन ऋषिकेश और एयरपोर्ट जौलीग्रांट एयरपोर्ट है। यहां से पर्यटक बस या टैक्सी के जरिए उत्तरकाशी और फिर यहां से करीब 85 किमी दूर हर्षिल पहुंच सकते हैं। हर्षिल से ही हर्षिल क्यारकोटी ट्रैक के लिए ट्रैकिंग शुरू होती है।

# देहरादून डीएम के आदेश अनुसार इस दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून 27 सितम्बर : शराब के शौकीनों के लिए जरूरी खबर है। 2 अक्टूबर के दिन देहरादून में शराब की दुकानें बंद रहेंगी, कहीं भी शराब की बिक्री नहीं होगी, जो दुकानदार चोरी-छिपे शराब बेचते मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। डीएम की ओर से जारी आदेश में देशी, विदेशी मदिरा, बीयर की फुटकर दुकानों को बंद रखने की बात लिखी है।

2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन राजधानी देहरादून में शराब की दुकानें नहीं खुलेंगी। आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी एसडीएम और जिला आबकारी अधिकारी से अपने-अपने क्षेत्र में आदेश का पालन करवाने को कहा गया है। जिलाधिकारी सोनिका ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि वो जिले में आदेश का अनुपालन कड़ाई से कराएं। आबकारी निरीक्षक को नियम तोड़ने पर शराब की दुकानों को सील करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में नजर बनाए रखेंगे और सुनिश्चित करेंगे की शराब की दुकानें बंद रहें। इस तरह 2 अक्टूबर को राजधानी देहरादून के सभी क्षेत्रों में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। आदेश का पालन न करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गांधी जयंती पर जिलेभर में आयोजित होंगे भव्य कार्यक्रम

चामोली । गांधी जयंती पर जिलेभर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांधी जयंती की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिकों के महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती पर सभी राजकीय भवनों में ध्वज फहराया जाएगा। इसके साथ ही सभी कार्यालयों में प्रातः 8:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण करते हुए गांधी जी के जीवन संघर्ष, देश सेवा एवं जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। शहीद पार्क में शहीदों की मूर्तियों पर प्रातः 9:00 बजे माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। जिला चिकित्सालय, वृद्धा आश्रम तथा कारागार में प्रातः 10 बजे फल वितरण किया जाएगा। समस्त कार्यालयों एवं नगर निकायों में स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दशोली ग्राम स्वराज मंडल गोपेश्वर के तत्वाधान में गांधी जयंती पर ऊन कताई कार्यक्रम होगा। उन्होंने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों सहित गांव क्षेत्रों में वृहद स्तर पर साफ सफाई अभियान चलाने और स्कूल में गांधी जी के जीवन पर लेखन प्रतियोगिता करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बी बनर्जी, एसीएमओ डॉ ए.गुप्ता, जिला पर्यटन अधिकारी एसएस राणा, अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता डीपी पुरोहित आदि उपस्थित थे।

### गोपेश्वर में रोजगार मेले का आयोजन

चमोली। सेवायोजन विभाग चमोली द्वारा मंगलवार को सेवायोजन कार्यालय परिसर गोपेश्वर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 211 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 86 युवाओं को विभिन्न नियोजकों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया और 19 युवाओं को रोजगार मेले के दौरान ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। सेवायोजन अधिकारी मुकेश रयाल ने बताया कि रोजगार मेले में 6 नियोजक संस्थाओं में सीआईपीईटी, होटल सेफ्रोन लीफ, ग्लोबल विजन पावर सॉल्यूशन, स्पेस इंटरनेशनल तथा प्रीमो ग्रुप लिमिटेड शामिल थे।

### महाविद्यालय गोपेश्वर के बी.एड. के छात्र छात्राओं ने सी टी ई टी की परीक्षा में लहराया परचम

चमोली। राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर के बीएड के छात्र छात्राओं ने सीटीईटी की परीक्षा परिणाम में परचम लहराया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 20 अगस्त 2023 को आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) के परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। पूरे देश में पेपर 1 तथा पेपर 2 का संयुक्त उत्तीर्ण प्रतिशत लगभग 16.80 फीसदी रहा। जबकि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर चमोली के बी.एड. द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 42 फीसदी रहा। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने समस्त प्राध्यापकों को दिया। बीएड विभाग के प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### आशा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

पौड़ी। आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन व आशा फैसिलिटेर एवं कार्यकर्ता संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकालर प्रदर्शन किया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने जल्द ही समस्याएं हल करने की मांग उठाई। मंगलवार को आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन व आशा फैसिलिटेर एवं कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान से डीएम कार्यालय तक रैली निकाली। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लंबे समय से समस्याएं हल करने की मांग कर रहे है लेकिन सरकार उनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। आशा कार्यकर्ताओं को राज्य कर्मचारी घोषित करने, निशुल्क बीमा करवाने, आशा फैसिलिटेरो को 24 हजार मानदेय देने, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, सर्दी के मौसम में गरम वर्दी प्रदान करने, आशा कार्यकर्ताओं को 18 हजार मानदेय देने, वाहन प्रति पूर्ति भत्ता देने की मांग उठाई। गई। इस दौरान पीएम, सीएम आदि को ज्ञापन भेजकर जल्द ही समस्याएं हल करने की मांग उठाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सावित्री, अंजना, संजू रावत, संगीता बिष्ट, सुनीता, पिंकी, अनीता भंडारी, यशोदा, दीपिका भटट आदि शामिल रहे।

### गाँधी जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में अपर जिलाधिकारी सी.एस मर्तोलिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जनपद में प्रातः 06:30 बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य शिक्षाधिकारी की होगी।

# ड्रग फ्री देवभूमि की दिशा में एसएसपी अजय सिंह की पहल का असर






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के विजन ड्रग फ्री देवभूमि 2025 को साकार करने के लिये दून पुलिस द्वारा प्रार्थमिकता के आधार पर लगातार नशे के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत नशे के अवैध व्यापार में लिप्त ऐसे आदतन अपराधियों, जिनके विरूद्ध थाने में एक से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं, को चिन्हित करते हुए उनकी हिस्ट्रीशीट खोले जाने के एस0एस0पी0 देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये थे, जिसके अनुपालन में जनपद के विभिन्न थानों में 133 आदतन नशा तस्करों को चिन्हित किया गया था, जिनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 17 नशा तस्करों की हिस्ट्री शीट खोली गयी, शेष नशा तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोले जाने की कार्रवाई जारी है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अब तक 21 नशा तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है।

नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना हमारी शीर्ष प्रार्थमिकताओ में है, सभी थाना क्षेत्रो में ऐसे नशा तस्कर, जिनके विरुद्ध एक से अधिक अभियोग पंजीकृत है, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है, उनमें से कुछ नशा तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है, शेष की हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्यवाही जारी है :- अजय सिंह , एस0एस0पी

जिन नशा तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोली गई, उनका विवरण निम्नवत है

**1- थाना बसंत विहार**

1- अरुण नौटियाल पुत्र सियाराम नौटियाल निवासी 892 इंदिरा नगर थाना बसंत विहार देहरादून 2- जावेद उर्फ हड्डी उर्फ सानू पुत्र अकील अहमद निवासी ग्राम घिसरपड़ी हरबंसवाला थाना बसंत विहार जनपद देहरादून

**2- थाना सहसपुर**

1- शेरदीन पुत्र स्व0 नसरुद्दीन निवासी ग्राम माजरी थाना सहसपुर जनपद देहरादून 2- फैजान पुत्र स्व0 मेहंदी हसन निवासी ग्राम खुशहालपुर निकट प्राइमरी स्कूल थाना सहसपुर जनपद देहरादून 3- शहजाद पुत्र स्वर्गीय अख्तर निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना सहसपुर जनपद देहरादून 4- अकलीम पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम ढाली थाना सहसपुर जनपद देहरादून5- आबिद पुत्र स्वर्गीय निसार निवासी ग्राम रेडा पुर छरबा थाना सहसपुर जनपद देहरादून6- ग़ालिब पुत्र जाहिद हुसैन निवासी माजरी थाना सहसपुर जनपद देहरादून7- शकील पुत्र मीरहसन निवासी वार्ड नंबर 2 कस्बा सहसपुर थाना सहसपुर जनपद देहरादून 8- वहीद पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद हसन निवासी रामपुरकला थाना सहसपुर जनपद देहरादून 9- आलीम पुत्र मीरहसन निवासी ग्राम ढाली थाना सहसपुर जनपद देहरादून मेहराज पुत्र मुस्तकी निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना सहसपुर जनपद देहरादून

**3- थाना सेलाकुई**

1- जब्बार पुत्र अब्दुल समय निवासी जगम्मनपुर, थाना सेलाकुई, जनपद देहरादून

**4- थाना डोईवाला**

1- सोनी पत्नी स्वर्गीय प्रदीप कुमार निवासी कुडकवाला थाना डोईवाला जनपद देहरादून 2- अनूप उर्फ आशु पुत्र गोविंद सिंह निवासी के केशवपूरी बस्ती राजविहार थाना डोईवाला जनपद देहरादून3- दीपक पुत्र घनश्याम निवासी बुल्लावाला थाना डोईवाला जनपद देहरादून4- सलमान उर्फ डायना पुत्र मोहम्मद याकूब निवासी नियामवाला थाना डोईवाला जनपद देहरादून

# जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले, भारत मंडपम का सीधा प्रसारण देखा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार द्वारा प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सभागार में जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले, भारत मंडपम से प्रसारित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 सोमदेव शतांशु के नेतृत्व में सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व छात्रों ने देखा। इस अवसर पर प्रो0 सोमदेव शतांशु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित जी20 के सफल आयोजन से देश की प्रतिष्ठा विश्व पटल पर स्थापित हुई है। इस आयोजन के चलते जहां विश्व भर से आए राष्ट्राध्यक्षों ने भारत की विभिन्न कलाओं व प्रतिभाओं को नजदीक से देखा और समझा। वहीं वह यहां से यहां की विभिन्नता में एकता की संस्कृति का संदेश लेकर अपने-अपने देशों में लौटे। इस आयोजन से निश्चित ही विश्व पटल पर भारत को एक नई समृद्ध पहचान मिलेगी। इस आयोजन के माध्यम से भारत विश्व को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से अवगत कराने में सफल रहा है।




कुलसचिव प्रो0 सुनील कुमार ने सभागार में उपस्थिति सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जी20 आयोजन से जहां एक तरफ देश की प्रतिभा का विश्वव्यापी प्रचार-प्रसार हुआ है। वहीं देश का आम आदमी इस आयोजन से स्वयं को सीधे जुड़ा मानकर आयोजन की सफलता के लिए स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इस अवसर पर पर प्रो0 नवनीत, प्रो0 डी0एस मलिक, प्रो0 देवेन्द्र कुमार गुप्ता, डा0 अरूण कुमार, डा0 कृष्ण कुमार, डा0 हिमांशु पण्डित, डा0 दिलीप कुशवाहा, डा0 सचिन पाठक, प्रमोद कुमार, डा0 पंकज कौशिक, गौरव, आशीष थपलियाल, कुलभूषण शर्मा, हेमन्त सिंह नेगी, डा0 भारत वेदालंकार, उमेश बिष्ट, रमाशंकर, डा0 अजय मलिक, डा0 नितिन काम्बोज, सुशील, मुकेश कपिल, धर्मेन्द्र बिष्ट, रविकांत शर्मा सहित विभिन्न शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशामुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

बागेश्वर। राजकीय महाविद्यालय एंटी ड्रग सेल ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान पर भाषण संगोष्ठी आयोजित की। विषय नशामुक्त समाज के निर्माण मेरे सुझाव और मेरा योगदान था। प्राचार्य डा. मधुलिका पाठक ने युवाओं में बढ़ती नशे की आदत के प्रति चिंता प्रकट की। नशे से मुक्ति पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढक़र योगदान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल प्रभारी प्रवीन ने राज्य सरकार से संचालित नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान की सराहना की। युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत के प्रति खेद प्रकट किया। नशे के मनुष्य जीवन पर पढऩे वाले नकारात्मक प्रभावों के संबंध में जानकारी दी। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नशे की आदत को समाज के लिए हानिकारक बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिलेंडर लेकर भाग रहे आरोपी को रंगे हाथ धरा

हरिद्वार। घर में घुसकर घरेलू सिलेंडर लेकर फरार हो रहे आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया गया। मकान स्वामी की शिकायत पर सिडकुल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में सोनू सागर निवासी रावली महदूद ने बताया परिवार के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान घर से सामान गिरने की आवाज आई। नींद खुलने पर देखा कि रसोई से एक युवक सिलेंडर लेकर भागने की फिराक में है। पड़ोसियों की मदद से उसने युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अरुण निवासी बेलीखेड़ा थाना स्योहारा जिला बिजनौर यूपी, हाल निवासी मुल्कीनगर रावली महदूद बताया। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### ऑपरेशन मुक्ति की समीक्षा के लिए जिले में प्रत्येक 15 तारीख को होगी बैठक

हरिद्वार। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में मंगलवार को ऑपरेशन मुक्ति के तहत बाल श्रम, बाल विवाह और बाल भिक्षावृत्ति मुक्त कराए बच्चों के पुनर्वास को लेकर वीडियो कांफ्रेस हुई।अपर मुख्य सचिव को जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने जनपद हरिद्वार में ऑपरेशन मुक्ति के तहत हुए कामों की जानकारी दी। बताया कि इसके तहत 443 बच्चों का स्कूलों में प्रवेश कराया गया है। जनपद में 105 कमेटियां गठित की गई हैं, जिनकी संख्या बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन मुक्ति की प्रगति की समीक्षा के लिए जनपद में अब हर माह की 15 तारीख को समीक्षा बैठक होगी। इस दौरान एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा सहगल आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को मिलेगी फर्स्ट एड किट

हरिद्वार। नगर निगम ने करीब पांच सौ सफाई कर्मचारियों को फर्स्ट एड किट देनी शुरू कर दी है। निगम हर कर्मचारी को यह किट दे रहा है। जिससे कर्मचारी को सफाई के दौरान हल्की फुल्की चोट लगने पर मौके पर ही प्राथमिक इलाज मिले सके। मंगलवार को क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों ने फर्स्ट एड किट का वितरण किया। सफाई निरीक्षक श्रीकांत ने बताया कि सफाई कर्मचरियों को काम के समय चोट लग जाती है या मासपेशियों में खिंचाव आ जाता है तो प्राथमिक उपचार हो सकता है।

### आवासीय भवन में चल रहा होटल सील

हरिद्वार। हरिद्वार-रुडक़ी विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को भूपतवाला क्षेत्र के गायत्री विहार में आवासीय भवन में चल रहे एक होटल को सील कर दिया। आवासीय भवन के 12 कमरों में होटल चल रहा था। होटल सील करने से पहले एचआरडीए की ओर से नोटिस भी जारी किया गया था। हरिद्वार-रुडक़ी विकास प्राधिकरण के सचिव उत्तम सिंह चौहान ने बताया कि भूपतवाला के गायत्री विहार में एक आवासीय भवन के 12 कमरों में होटल चलाकर व्यावसायिक गतिविधियां की जा रही थीं।

# गुरुकुल का विश्व पटल पर अपना विशेष स्थान है : डा0 निशंक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हरिद्वार। गुरूकुल कॉंगड़ी समविश्वविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज व महामंत्री नरेन्द्र मलिक ने स्ववित्त पोषित योजना अंतर्गत चल रहे पाठ्यक्रमों को अनुरक्षण अनुदान में समायोजित किये जाने के लिए पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन का अवलोकन करते हुए निशंक ने कहा कि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को अनुरक्षण अनुदान में रोजगार मिलना चाहिए। डा0 निशंक ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार धर्मेन्द्र प्रधान से विश्वविद्यालय के अनुरक्षण प्लान के लिए करेंगे बातचीत।

यूनियन के पदाधिकारियों को दिया आश्वासन। ज्ञापन देते हुए यूनियन के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज ने कहा कि समविश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए अनुरक्षण अनुदान में स्वपोषित विभागों को अलग अलग सत्रों में भारत सरकार को अनुदान आवंटित करना चाहिए। दसवीं पंचवर्षीय योजना में समविश्वविद्यालय द्वारा प्रस्ताव बनाकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पूर्व में भेजा जा चुका है। लेकिन उस प्रस्ताव का कोई सार्थक उत्तर समविश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। इस अवसर पर यूनियन के महामंत्री नरेंद्र मलिक ने कहा कि समविश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की स्थिति में ले जाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद लोकसभा डॉ निशंक के स्तर से प्रयास कर समविश्वविद्यालय के विकास में अपना योगदान कर प्रगति के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में आगे आना चाहिए। डॉ. निशंक ने कहा कि वह अपने स्तर से कर्मचारियों की मांग को भारत सरकार तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेंगे उन्होने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि गुरुकुल कॉंगड़ी समविश्वविद्यालय जैसी भारतीय संस्कृति की धरोहर संस्था उनकी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आती है। इस संस्था का विश्व पटल पर अपना विशेष स्थान है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश जमदग्नि जिलाध्यक्ष भाजपा संदीप गोयल, पार्षद नागेन्द्र राणा, विक्रम भुल्लर, राजन मेहता, राजेश कुंवर, दीपक वर्मा, हेमन्त सिंह नेगी, डा पंकज कौशिक, कुलभूषण शर्मा, मोहन सिंह, डॉ रोशन लाल सहित विभिन्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेयर ने पर्यावरण मित्रों को रेनकोट और जैकेट बांटे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर। नगर निगम में कार्यरत पर्यावरण मित्रों की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने रेडियम युक्त जैकेट और बरसात से बचने के लिए रेन कोट वितरित किये। साथ ही इस मौके पर नगर निगम की नारी शक्ति सेना को भी जैकेट एवं कलेक्शन बैग वितरित किया गया।

बता दें पर्यावरण मित्रें को बारिश के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार बरसात के बीच में जलभराव जैसी स्थिति से निपटने में के दौरान रेन नहीं होने की स्थिति में पर्यावरण मित्रें को बारिश में भीगते हुए काम करना पड़ता था। जिसे देखते हुए मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने पर्यावरण मित्रें को रेन कोट वितरित करने का निर्णय लिया। मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के सभी पर्यावरण मित्रें को बारिश से बचाव के लिए रेन कोट वितरित किये। इस दौरान घर घर कूड़ा कलेक्शन का शुल्क वसूल करने वाली नारी शक्ति सेना की महिलाओं को मेयर ने ड्रैस कोड वाली जैकेटे वितरित की। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि नारी शक्ति सेना की टीम में जो भी महिलाएं शुल्क वसूल करने के लिए घर घर जाती है उनका ड्रैस कोड होना जरूरी था। ताकि कलेक्शन के दौरान महिलाओं कोई दिक्कत न हो और लोगों को भी उनकी पहचान रहे। मेयर ने कहा कि नगर निगम के सभी पर्यावरण मित्र उनके लिए परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने पर्यावरण मित्रें के हितों को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया है। यही वजह है कि उनके अब तक के कार्यकाल में पर्यावरण मित्रें और नगर निगम के बीच एक बार भी खींचतान की स्थिति पैदा नहीं हुयी और सामान्य रूप से पर्यावरण मित्रें ने सहयोग की भावना से काम किया है। आगे भी पर्यावरण मित्रें और नगर निगम के सभी कर्मचारियों के साथ टीम भावना के साथ काम किया जायेगा। नगर निगम के विकास और रूद्रपुर शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में नगर निगम कर्मचारियों के साथ साथ शहरवासियों का भी योगदान जरूरी है। शहर के नागरिकों के सहयोग के बिना शहर की हालत नहीं सुधारी जा सकती। मेयर ने कहा कि शहर के सभी लोग अगर कूड़े के यथा स्थान पर भी फैंके और पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णतः बंद कर दें तो यह भी अपने आप में एक बड़ा सहयोग होगा। इससे पर्यावरण मित्रें को भी राहत मिलेगी और शहर भी स्वच्छ और सुंदर बनेगा इस अवसर पर वरिष्ठ वित्त अधिकारी जुबक मोहन सक्सैना, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, पार्षद आयुष तनेजा, भुवन गुप्ता, ममता आर्य, शिप्रा अधिकारी, शुभम पाल, दीपक पंत, सुनील कुमार, मनोज कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।।

# पुरातत्व और काल निर्धारण पर वर्कशॉप का आयोजन

रुद्रपुर। राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में पुरातत्व और काल निर्धारण विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रवेश लिए बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रो. एसएन राव एवं विभागाध्यक्ष डॉ. केके मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयोजित वर्कशॉप में विषय विशेषज्ञ केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के डॉ. आशीष कुमार उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को रेडियो कॉर्बन डेटिंग, पोटेशियम आर्गन डेटिंग आदि वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से पुरातात्विक सामग्री जैसे पाषाण काल के औजार, हथियार, शैल चित्र, अस्थि-पंजर, समाधियों एवं विभिन्न अवशेषों से कॉर्बन एवं अन्य रेडियोधर्मी तत्वों से किस प्रकार से उनकी आयु एवं काल का निर्धारण कर सकते हैं, इस विषय में जानकारी दी। संचालन डॉ. प्रशांत जोशी ने किया। इस दौरान मोहित पोखरिया, शुभम पटवा, अर्पित कालौनी, शाबाज़, अरबाज़, निखिल पांडेय आदि मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी सपा

पिथौरागढ़। सीमांत में समाजवादी पार्टी लोकसभा और निकाय चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ लड़ेगी। समाजवादी पार्टी ने बैठक कर यह निर्णय लिया है। नगर में सपा के प्रदेश सचिव रमेश बिष्ट की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा और निकाय चुनाव को लेकर चर्चा हुई। यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा कि आगामी दोनों चुनाव पार्टी, इंडिया गठबंधन के साथ लड़ेगी। इस दौरान उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में विकास थम गया है। महंगाई दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा की स्थिति दयनीय है। कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले थम नहीं रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड का खुलासा एक साल बाद भी नहीं हो सका है। यहां मदन सान्याल, शबीना बेगम, नूरी, मोहम्मद हसन, जानकी बिष्ट, शीशपाल सिंह, मोहम्मद आरिफ, एनसी पंत, कमला आदि मौजूद रहे।

# गणेश महोत्सव में जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़

बागेश्वर। मंगलमूर्ति संगठन के तत्वाधान में आयोजित गणेश महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुट रही है। भजन कीर्तनों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है और गजानन की गूंज से कत्यूर घाटी गणेशमय हो गई है। श्रीराम मंदिर में आयोजित गणेश महोत्सव में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट पहुंचे। उन्होंने महा आरती में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि मंगलमूर्ति संगठन ने क्षेत्र में आध्यात्म की जो अलख जगाई है, वह सराहनीय है। उन्होंने लोगों से सदैव नैतिक व सदाचरण के मार्ग पर चलने को कहा। मंगल मूर्ति संगठन के घनश्याम जोशी ने बताया कि बुधवार को हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर भजन गायक रमेश जोशी कान्हा, केवल जोशी, प्रदीप गुरुरानी, गणेश पांडे, प्रमोद जोशी ने भजन प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख बहादुर कोरंगा, जेसी आर्या, दयाल गिरी, कैलाश जोशी, विपिन तिवारी, नंदन सिंह अल्मिया, डीके नेगी, राजेंद्र खोलिया, दिनेश कांडपाल, भाष्कर बृजवासी, बसंत कांडपाल आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों ने उपकुलसचिव के सामने उठाई मांगें

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में पांच दिन से अपनी मांग को लेकर धरना दे रहे छात्रों ने सोमवार को उपकुलसचिव से वार्ता की। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न मांगों के संबंध में डॉ. दिनेश कुमार को अवगत कराया। विवि के छात्र पीएचडी प्रवेश परीक्षा में दिए गए आरक्षण की जांच और छात्रावास की व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने आदि की मांग कर रहे हैं। छात्र संघ के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन अभावित प्रांत प्रमुख संस्कृत आयाम विवेक ममगाईं , राहुल चौहान, पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश प्रसाद व्यास, पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष पोखरियाल आदि ने समर्थन दिया।

### ज्वालापुर विधायक ने किया ग्राम दादूपुर समेत अन्य सडक़ों के कार्यों का शुभारंभ

हरिद्वार। ज्वालापुर विधानसभा के ग्राम दादूपुर से जुडने वाली आंतरिक गलियों की सडक़ कार्यों का शुभारंभ किया। ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने नारियल फोडक़र शुभारंभ किया। करीब 90 लाख की लागत से सडक़ों का निर्माण होगा। विधायक ने कहा कि सडक़ पिछले 10 सालों से खस्ताहाल थी। इस दौरान वसीम मलिक, तनवीर कुरैशी, मुनव्वर हसन, लियाकत मलिक, साजिद अब्बासी, मलिक, नौशाद कुरैशी फिरोज कुरैशी, इलियास मलिक, प्रदीप शर्मा ,मुस्तकीम मलिक, डॉ. अनूप, रियान मलिक, मुशर्रफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

### गंगोलीहाट में निकाली गई साइकिल रैली

पिथौरागढ़। विश्व पर्यटन दिवस के तहत पर्यटन विभाग की तरफ से यहां साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विधायक फकीर राम टम्टा ने हरी झंडी दिखाकर किया। लोनिवि विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि यह रैली यहां पर्यटन विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कहा कि पर्यटन दिवस सप्ताह के तहत हो रहे यह कार्यक्रम गंगावली क्षेत्र में पर्यटन की नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा सरकार पर्यटन विकास को लेकर सजग व कई योजनाएं चलाकर कार्यक्र कर रही है। पर्यटन अधिकारी कीर्ती आर्या ने विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। बाद में यहां से रवाना हुई साइकिल रैली विश्व प्रसिद्ध पाताल भुवनेश्वर पहुंची। इधर इसी कार्यक्रम के तहत सात प्रशिक्षित पैराग्लाइडरों ने जीबल गांव की पहाड़ी से उडान भरी। आसमान में इस दौरान बेहद मनमोह नजारे लोग देखते रहे। बाद में पैराग्लाइड नगर के चिटगल मैदान में उतरे। ये रहे शामिल-विजय पांडे,राजेंद्र सिंह बिष्ट,कृष्ण बोरा,रमेश बोरा,सुरेंद्र सिंह बिष्ट,सुनील रावल,सागर बिष्ट,शंकर सिंह,रवि ठगुराठी,मनीष उप्रेती,माही

### देवलथल में बिजली की सिंगल केबिल बिछाई जाए

पिथौरागढ़। राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला संयोजक जगदीश कुमार ने देवलथल क्षेत्र में बिजली की सिंगल केबिल बिछाई जाने की मांग की है। मंगलवार को जगदीश ने यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देवलथल बाजार क्षेत्र में बिजली के तार जगह-जगह लटके हुए हैं। इससे लोगों को दुर्घटना का खतरा सता रहा है। उन्होंने आमजन की सुरक्षा को देखते हुए सिंगल केबिल बिछाने की मांग की है।

### 10 नाली भांग की खेती नष्ट की

पिथौरागढ़। जनपद में नशे की रोकथाम को पुलिस का नशामुक्त देवभूमि अभियान जारी है। कनालीछीना पुलिस ने अजेड़ा गांव में अवैध तरीके से की गई दस नाली भांग की खेती नष्ट की। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी।

### प्रतिबंधित मांस के साथ चार लोगों को किया गिरफ्तार

काशीपुर। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने 40 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गऊ संतान संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।मंगलवार को बांसफोड़ान चौकी इंचार्ज एसआई सुनील सुतेड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मौहल्ला अल्ली खां में निर्माणाधीन कब्रिस्तान के गेट के पास चार व्यक्ति लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने संदिग्ध चारों व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर तलाशी ली, तो उनके कब्जे से प्लास्टिक के चार कट्टों में 40 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम फरीद पुत्र हाजी शफीक, महबूब पुत्र इदरीश, इब्राहिम पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी हजरतनगर काली बस्ती मोहल्ला अल्ली खां, आरिफ पुत्र अनवर निवासी नई बस्ती ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद बताया। मौके पर पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर मांस का परीक्षण भी कराया। साथ ही सैम्पल भी ले लिया। आरोपियों ने बताया कि यह मांस वह ठाकुरद्वारा से कम दामों में खरीद कर लाते हैं और यहां ऊंचे दामों में बेचते हैं। पुलिस चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी, बांसफोड़ान चौकी इंचार्ज एसआई सुनील सुतेड़ी, कांस्टेबल अनिल मनराल, अमरदीप सिंह, कैलाश चन्द्र, सुरेन्द्र सिंह, जगदीश भट्ट शामिल रहे।

### युवक के पीछे चाकू लेकर दौड़ा आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। युवक को जान से मारने की नीयत से चाकू लेकर पीछे दौड़े युवक को पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। सोमवार की शाम कटोराताल चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि 23 सितंबर को मोहल्ला रजवाड़ा में गणेश पूजा के दौरान युवक के पीछे चाकू लेकर दौड़ा आरोपी अमित ठाकुर ईदगाह रोड पर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने ईदगाह रोड के पास आरोपी को चाकू संग गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गणेश पूजा के दौरान दक्ष मेहरा से उसका झगड़ा हो गया था। इसके बाद वह उसके पीछे चाकू लेकर दौड़ा था। अगर वह उसे मिल जाता तो, वह जान से मार देता। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अमित ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया।

### बाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया विश्व गर्भ निरोधक दिवस

काशीपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को विश्व गर्भ निरोधक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमएस डॉक्टर पंकज माथुर ने किया। कार्यक्रम के दौरान विश्व गर्भ निरोधक दिवस पर लोगों को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। साथ ही, परिवार नियोजन परामर्श दाता द्वारा लोगों को स्थाई और अस्थाई विधि की भी जानकारी दी गई। सीएमएस डॉक्टर पंकज माथुर ने बताया कि आज विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जा रहा है। इसके चलते कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## फोर्स न मिलने से नहीं हटाया जा सका अतिक्रमण

हरिद्वार। पुलिस फोर्स नहीं मिलने के कारण मंगलवार को हाईवे से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अब बुधवार को शांतरशाह से पतंजलि योगपीठ तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सोमवार में एनएचएआई और राजस्व प्रशासन द्वारा रुड़की-हरिद्वार रोड स्थित बढ़ेड़ी राजपूतान गांव के बाहर सडक़ की पैमाइश कर 30 से ज्यादा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। एनएचएआई के लैंड सर्वेयर अतुल शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस फोर्स नहीं मिलने के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। बुधवार से कार्रवाई जारी रहेगी।

## भारतीय अध्यात्म के प्रतिनिधि बनने का समय : डॉ. चिन्मय पण्ड्या

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि वर्तमान समय अध्यात्म का प्रतिनिधि बनकर समाज, विश्व को नई देने का सुनहरा अवसर है। डॉ. पण्ड्या राजस्थान से आए पूर्ण कार्यकत्ता प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। जयपुर, अलवर, राजसमंद, भीलवाड़ा, जोधपुर आदि जिलों के करीब चार सौ युवा मौजूद रहे। प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि आचार्य ने करोड़ों लोगों के दिलों को छुआ और उनमें सकारात्मक परिवर्तन किया है।

# हरिद्वार में 1 अक्तूबर से शुरू होगा खनन

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट भवन में उप खनिज चुगान कार्य प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी को खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने उपखनिज चुगान कार्य के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक में डीएम ने जिन-जिन खनन पट्टों की वैधता है तथा जो सभी मानकों को पूर्ण करते हैं, को एक अक्तूबर से खनन एवं उप खनिज चुगान कार्य प्रारम्भ करने की संस्तुति प्रदान की। इसमें वन निगम के तीन लाट-रवासन-1, रवासन-2 तथा कोटावाली भी शामिल है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, वन विभाग के अधिकारियों सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## गो सेवा - गो संरक्षण का लिया संकल्प


हरिद्वार। भारत विकास परिषद जहान्वी शाखा ने गो सेवा, गो संरक्षण के लिए घर की पहली रोटी गाय को कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रमुख मंदिरो और कॉलोनियों में संस्था ने अक्षय पात्र नाम से रोटी केंद्र लगाए हैं। जहां आसपास के क्षेत्रों से रोजाना एकत्र की गयी रोटियां गाय को दी जाएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम पार्षद मोनिका सैनी ने की। मुख्य अतिथि आरती नैयर ने क्षेत्रवासियों का आह्वान किया कि इस पहल में सब लोग बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें। जिससे गो सेवा ही नहीं हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी श्रेष्ठ संस्कार दे सकेंगे। न्यू हरिद्वार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा ने कहा कि पहल तभी सार्थक होगी जब यह संकल्प लें कि गो माता को रोटी देने के बाद ही हम खाना खाएं।

## दूधलादयालवाला में गुलदार का आतंक, दहशत में ग्रामीण

हरिद्वार। क्षेत्र के दूधलादयालवाला गांव में गुलदार के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। गुलदार आबादी क्षेत्र की ओर रुख कर रहे हैं। गुलदार शाम होते ही जंगल किनारे रह रहे ग्रामीणों की गोशाला मे आ धमकता है। बीते सप्ताह ग्रामीण लादी की पशुशाला के जानवर को निवाला बनाया। ग्रामीणों का कहना है कि शिकार करने के बाद गुलदार गन्ने के खेतों मे छिप जाता है। ग्रामीणों मे दहशत है कि गुलदार आंगनबाडी और स्कूल जाने वाले बच्चों पर हमला कर सकता है। ग्रामीण सोहन सिंह, सुरेश, महिपाल सिंह, रतन सिंह, देशराज , सत्तार, गुलाम रसूल, लियाक्त आदि का कहना है कि गुलदार के आतंक के कारण घर से बाहर निकलने में डर लगता है। रात में आबादी के किनारे गुलदार का घूमना आम हो गया है।

## संपादकीय



# जनतांत्रिक मूल्यों को नकारते असभ्य बोल

संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की आवश्यकता और औचित्य को लेकर अब भी सवाल उठ रहे हैं। वैसे यह अनुमान तो लगाया ही जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल महिला-आरक्षण जैसे ऐतिहासिक विधेयक के साथ विशेष अधिवेशन को जोड़कर नए संसद भवन को भी कुछ और विशेष बनाना चाहते होंगे। निश्चित रूप से इस विधेयक का पारित होना भारतीय जनतंत्र की एक विशेष उपलब्धि है। वर्षों से, दशकों से कहना चाहिए, यह मुद्दा चर्चा और विवाद का विषय बना रहा है। ऐसा नहीं है कि इस संदर्भ में पहल नहीं हुई, पर हर बार कोई न कोई पेंच पड़ जाता था। इस बार लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने लगभग शत-प्रतिशत बहुमत से इसे पारित किया है। यह बात अपने आप में कम महत्वपूर्ण नहीं है। भले ही इसे तत्काल लागू न करा कर सत्तारूढ़ दल ने कोई खेल खेला हो, पर फिर भी शुरुआत का स्वागत होना ही चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर इसे लागू करने की दिशा में शीघ्र ही कोई कदम उठाया जायेगा। फिलहाल तो यह एक ऐसा चैक ही है जिस पर कोई तारीख ही नहीं है। लेकिन इस विशेष अधिवेशन को महिला आरक्षण विधेयक के संदर्भ में ही याद किये जाने की प्रधानमंत्री की चाह, शायद पूरी नहीं हो पायेगी। नए संसद भवन के इस पहले अधिवेशन के बजाय यह बात हमेशा याद रखी जायेगी कि जिस तरह के अपशब्दों का इस्तेमाल इस अधिवेशन में किया गया, वैसा हमारे पिचहत्तर साल के संसदीय लोकतंत्र में कभी नहीं हुआ था। असंसदीय शब्दों के इस्तेमाल की कहानी छोटी नहीं है, ऐसे शब्दों को लेकर एक पुस्तिका भी प्रकाशित की जा चुकी है और उसी के अनुसार न जाने कितनी बातों को संसदीय कार्रवाई से बाहर किया जा चुका है। आगे भी किया जाएगा। पर सवाल उठता है क्या मात्र इतना करना पर्याप्त है? लोकसभा में बहस के दौरान सत्तारूढ़ दल के एक वरिष्ठ सदस्य ने बहुजन समाजवादी पार्टी के उतने ही वरिष्ठ सदस्य के संदर्भ में जिन शब्दों को काम में लिया है वह इतने घटिया हैं कि उन्हें लिखना भी उचित नहीं माना जायेगा। अध्यक्ष ने माननीय सदस्य के शब्दों को सदन की कार्रवाई से निकाल दिया है, और यह चेतावनी भी दी है कि आगे से फिर कभी ऐसे शब्दों को काम में लेंगे तो और कठोर कार्रवाई करनी पड़ेगी। सत्तारूढ़ दल के एक वरिष्ठ नेता, देश के रक्षा मंत्री, ने तभी अपनी पार्टी के सदस्य की इस शर्मनाक हरकत पर खेद प्रकट करना ज़रूरी समझा था। इस खेद व्यक्त करने को क्षमा मांगने के रूप में भी प्रसारित किया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एसएमजेएन की सिमरन को मिला गोल्ड, अपराजिता को कांस्य

हरिद्वार। डीआईटी देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले एसएमजेएन कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सिमरन को चित्रकला में स्वर्ण, बीएससी की छात्रा अपराजिता को कविता लेखन में कांस्य पदक मिला। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्रीमहन्त रविन्द्र पुरी ने कहा कि छात्र-छात्राओं की यह उपलब्धि पूरे हरिद्वार के लिए गौरवान्वित करने वाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रणों के प्रति युवा वर्ग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए गौरवशाली क्षण है और महाविद्यालय में ऐसी सांस्कृतिक प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। महाविद्यालय प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करे।

## आशा कार्यकत्री एवं आशा फैसिलिटेटर ने डीएम के माध्यम से पीएम को भेजा अपना मांग पत्र

हरिद्वार। भारतीय मजदूर संघ और आशा स्वास्थ्य कार्यक्रम संगठन ने 31 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य महानिदेशक को भेजा है। नैनीताल,उत्तरकाशी, रानीपोखरी आदि जगहों से भी आशा वर्कर मौजूद रहीं।भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री सुमित सिंघल का कहना है कि वर्तमान समय में 13 हजार आशा वर्कर राज्य में कार्यरत है।

आशाओं का प्रोत्साहन राशि के बदले मानदेय निर्धारित करने की मांग उठाई। आशा फैसिलिटेटर ने भी 12 सूत्रीय मांग पत्र दिया है। फैसिलिटेटर और कार्यकर्ता संगठन की प्रदेश महामंत्री रेणु नेगी ने कहा कि आशा वर्करों को एएनएम का प्रशिक्षण देकर उन्हें पदोन्नति दी जाए। आशाओं को वाहन भत्ते के लिए पंद्रह सौ रुपये और मृत्यु के बाद सरकार प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत कवर करने का प्रस्ताव लाकर एकमुश्त धनराशि देने का प्रावधान करे। आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगठन की जिलाध्यक्ष मोनिका ने कहा कि पिछले कई वर्षों से जिला प्रशासन और सरकार को लगातार पत्र दिए जा रहे है। लेकिन उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। सबसे ज्यादा समय और फील्ड कार्य आशा वर्कर करती है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## संक्षिप्त खबरें

### एनसीसी और कैंट बोर्ड स्कूल के बच्चों ने स्वच्छता का चलाया अभियान

रुडक़ी। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कैंट बोर्ड की ओर से संचालित स्कूल के छात्रों और एनसीसी के बच्चों ने दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही कैंट बोर्ड के कर्मियों ने बड़े नालों की सफाई की। कैंट बोर्ड के सीईओ विशाल सारस्वत ने बताया कि अभियान के तहत दो अक्टूबर तक स्वच्छता के प्रति अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि वह कैंट क्षेत्र में गंदगी नहीं फैलाएं। कूड़े को इधर-उधर ना फेंके। उन्होंने बताया कि इस अभियान में लोगों के साथ ही स्कूली बच्चे रोजाना प्रतिभाग कर रहे हैं। नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, सफाई अभियान आदि चलाए जा रहे हैं।

### विवाहिता ने पंखे से लटक कर दी जान

रुडक़ी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय अंतिम रानी निवासी ढालला खुर्द की शादी आशीष निवासी रोहलकी दयालपुर के साथ डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। कुछ महीनों से पति-पत्नी में अनबन चल रही थी। इसके चलते विवाहिता ने सोमवार की देर रात फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। विवाहिता के पति को सुबह फैक्ट्री से वापस घर लौटने पर जानकारी मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। विवाहिता के मायके वाले भी गांव पहुंचे और सुसराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देते हुए हत्या का आरोप लगाया। भगवानपुर तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर विवाहिता के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच पिरान कलियर पहुंचा पाकिस्तानियों का जत्था

रुडक़ी. साबिर पाक के 755वें सालाना उर्स में शामिल होने के लिए 107 पाक जायरीनों का जत्था मंगलवार को रुडक़ी रेलवे स्टेशन पहुंचा। रुडक़ी से कड़ी सुरक्षा के बीच रोडवेज की बसों से उन्हें कलियर पहुंचाया गया। उन्हें साबरी गेस्ट हाउस में ठहराया गया है। इस दौरान पाक जायरीनों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। 107 पाक जायरीनों के साथ दूतावास के दो अधिकारी भी हैं। जायरीन उर्स में होने वाली मुख्य रस्मों में शामिल होंगे और दरगाह साबिर पाक पर चादर और फूल पेश करेंगे। इसके बाद दो अक्तूबर को पाकिस्तानी जायरीन अपने वतन रवाना होंगे। एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि ये सभी जायरीन मंगलवार सुबह लाहौरी एक्सप्रेस से रुडक़ी रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पहले से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इन सभी को पुलिस सुरक्षा के बीच बसों से कलियर पहुंचाया गया।

### अलग-अलग जगहों से तीन स्मैक तस्कर दबोचे

रुडक़ी। सरकार के ड्रग फ्री अभियान को सफल बनाने के लिए जिला पुलिस प्रशासन तेजी से कार्रवाई कर रहा है। रुडक़ी के अलावा देहात क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों की धर पकड़ जारी है। सोत-बी चौकी प्रभारी नितिन बिष्ट, हेड कांस्टेबल विपिन और सोबन ने साजिद निवासी पुहाना थाना भगवानपुर को सोलानीपुल के पास संदिग्ध गतिविधि होने पर चेकिंग के लिए रोका था। तलाशी में बाइक से 11.17 ग्राम स्मैक मिली। जिसे वह चांचक थाना भगवानपुर के एक व्यक्ति से खरीद कर लाए थे। वहीं, रुडक़ी कोतवाली के उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह, अपर उप निरीक्षक एहसान अली और कांस्टेबल सुरेश तोमर को सूचना मिली थी कि एसडीएम चौक के पास कार सवार स्मैक लेकर आ रहे हैं। आजाद अहमद और महताब आलम निवासी टांडा भनेड़ा कोतवाली मंगलौर को रोका गया, जो कार में बैठे थे। तलाशी में 49.89 ग्राम स्मैक बरामद की।

### दरगाहपुर में पांच पर बिजली चोरी का मुकदमा

रुडक़ी। देहरादून से आई ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने दरगाहपुर में छापा मारकर अमरनाथ पुत्र हरिसिंह, भगवती पत्नी नैन सिंह, राजकिशोर पुत्र हरिराम, मांगेराम पुत्र बारूलाल और सत्यपाल पुत्र फुल्ला के घरों में बिजली की चोरी पकड़ी। जेई सैनी ने लक्सर कोतवाली में तहरीर देकर सभी पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। टीम में एई रोबिन सिंह मनोरिया, विकास कुमार, पुलिस निरीक्षक बचन सिंह राणा, एसडीओ विवेक गुप्ता, जेई मनोज कुमार सैनी, कर्मचारी तसलीम अहमद, बुध सिंह, सुरेश, अरविंद, अतुल शामिल थे।

### सट्टे की खाई बड़ी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

रुडक़ी। लंढौरा चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह क्षेत्र में गश्त पर थे। मुखबिर द्वारा सूचना दी गई की एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से 1680 रुपये नकद तथा सट्टा पर्चियां बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुमताज निवासी ग्राम थिथौला कोतवाली मंगलौर बताया है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### हर बूथ तक पार्टी को करें और मजबूत: रेखा वर्मा

रुडक़ी। भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विश्व भर में भारत के प्रभाव को काफी मजबूती के साथ बढ़ाया है। हाल ही में संसद में पारित किए गए महिला आरक्षण बिल को उन्होंने ऐतिहासिक बताया। कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को प्रचारित करने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा की ओर से आयोजित हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों के सम्मेलन में ये बातें कहीं। इस दौरान संगठन को और मजबूत बनाने पर बल दिया गया। सरकार की उपलब्धियों और पार्टियों को नीतियों के व्यापक प्रचार प्रसार पर बल देते हुए घर-घर दस्तक देने का मंत्र भी कार्यकर्ताओं को दिया गया। सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश की सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद डॉक्टर रमेश पोखरियाल निशंक, कल्पना सैनी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक तथा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने किया।

### शराब के तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

रुडक़ी। कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। नारसन क्षेत्र में पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोक कर पूछताछ की। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपी ने अपना नाम सोमपाल उर्फ पप्पू निवासी ग्राम नगला कोयल बताया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### गंगनहर में बह रही महिला को बचाया

रुडक़ी। साबिर पाक के सालाना उर्स के दौरान परिवार के साथ जियारत को आई सीलमपुर दिल्ली निवासी एक महिला मंगलवार को गंगनहर के घाट पर स्नान करने पहुंची। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बहने लगी।

# वुमेनोवेटर भारत में महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ा रही है : राज्यपाल

## राजभवन में दिखी नारी शक्ति की मजबूत हौसला की उड़ान




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 27 सितंबर , महिलाओं के विकास को सशक्त बनाने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित महिलाओं के लिए एक अग्रणी वैश्विक इनक्यूबेटर, वूमेनोवेटर ने एक रोमांचक और क्रांतिकारी यात्रा शुरू की। वुमेनोवेटर ने महिलाओं के लिए भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में प्रभावी बदलाव लाने के उद्देश्य से प्रभावशाली परियोजनाओं की एक श्रृंखला शुरू की। वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट 2023 ने वुमेनोवेटर 10K फ़ेलोशिप प्रोग्राम -DEWI और वुमेनोवेटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में काम किया, जिसने इस अभियान का नेतृत्व किया।

26 सितंबर, 2023 की शानदार शरद ऋतु की सुबह, उत्तराखंड के प्रसिद्ध गवर्नर हाउस ने वुमेनोवेटर क्रिएटर फेस्ट-यूनाइटिंग इन्फ्लुएंशियल वुमेन फॉर चेंज की मेजबानी की - जिसमें 150 से अधिक महत्वपूर्ण महिला प्रभावशाली लोगों, समर्थकों और नेताओं की एक सभा थी, जिनकी संचयी सोशल मीडिया पहुंच अधिक थी। 100 मिलियन से भी ज्यादा. इन क्रिएटर्स और प्रभावशाली लोगों ने महिला उद्यमियों का जश्न मनाने और उन्हें सफलता और स्वतंत्रता के लिए प्रेरित करने में दृढ़ समर्थन प्रदान करने के लिए एक साथ मिलकर काम किया। इस अभियान, जिसका उचित शीर्षक ₹हर्स्टोरी₹ है, ने एकजुटता की भावना का उदाहरण दिया, महिलाओं में उस अद्भुत शक्ति का प्रदर्शन किया जब वे एक-दूसरे की उन्नति और सफलता के लिए एक साथ खड़ी होती हैं।

इस कार्यक्रम की मेजबानी उत्तराखंड सरकार द्वारा की गई थी और इसमें उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल, प्रतिष्ठित भारतीय सेना के दिग्गज, गुरमित सिंह जी ने भाग लिया था। उन्होंने पूरे भारत से महिला प्रभावशाली लोगों और सामग्री रचनाकारों की प्रशंसा की और उन्हें सम्मानित किया; वुमेनोवेटर और प्रतिष्ठित जूरी सदस्यों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया, जिसमें अर्चना गुप्ता - (निदेशक, केईआई इंडस्ट्रीज), मार्गुएराइट सोएटेमैन रिजनेन - (पूर्व अध्यक्ष एओन होल्डिंग्स), अपूर्व चमरिया - (स्टार्टअप और वेंचर कैपिटल के प्रमुख, गूगल), प्रतीक ठक्कर (सीईओ -इनसाइडा इज़राइल) शामिल हैं। ), क्यूपानुक ऑलसेन (क्यूएस इफ़ेक्ट में कंटेंट क्रिएटर माइनिंगइंजीनियर) और एलन वर्मन (चिली से एलन थ्योरी के होस्ट), अन्य शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर अपने विश्वास पर प्रकाश डाला कि यह सकारात्मक परिवर्तन महिलाओं को कैसे प्रभावित कर रहा है और वुमेनोवेटर अपने विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एक मार्गदर्शक प्रकाशस्तंभ के रूप में काम करेगा, जो महिलाओं को संकुचित सामाजिक धारणाओं से मुक्त होने और आर्थिक संभावनाओं और वित्तीय स्वतंत्रता को आगे बढ़ाने में सहायता करेगा।वुमेनोवेटर की संस्थापक तृप्ति शिंगल सोमानी ने तेजी से आगे बढ़ रही प्रौद्योगिकी सक्षम दुनिया में रचनाकारों के महत्व के बारे में बात की और कैसे, वुमेनोवेटर, अपनी परिवर्तनकारी पहल के साथ न केवल आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने में भी मदद करेगा। और सामुदायिक सक्षमता, हितधारक क्षमता, पिचिंग प्रतियोगिताएं, ऊष्मायन और त्वरण जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से अपने व्यवसायों और रोजगार के अवसरों में विविधता लाएंगे।




वुमेनोवेटर बोर्ड के सदस्यों ने बहुप्रतीक्षित वुमेनोवेटर 10K फ़ेलोशिप प्रोग्राम लॉन्च किया, जो 200 से अधिक जिलों में फैली एक पहल है, जो सलाह, ब्रांडिंग, प्रचार, संसाधन और एक विकास मंच प्रदान करने के माध्यम से प्रत्येक जिले में 100 महिलाओं के जीवन को प्रभावित करती है। सशक्त महिला उद्यमियों का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र, महिलाओं के सामने आने वाली सूचना और संसाधन की कमी को प्रभावी ढंग से पाटना।

अमेज़ॅन के उधम यादव ने आगामी उद्यम गो ग्लोबलः अमेज़ॅन-वूमेनोवेटर पार्टनरशिप को भी साझा किया, जो 200 महिला उद्यमियों को अमेज़ॅन की अंतरराष्ट्रीय वेबसाइटों और बाज़ारों पर अपने उत्पाद लॉन्च करने, उनके ग्राहक आधार और ब्रांड जागरूकता का विस्तार करने में मदद करेगा।अपनी तरह की पहली पहल में, वुमेनोवेटर लीडर - सुश्री दीपाली भारद्वाज, त्वचा विशेषज्ञ और सेंटर फॉर स्किन एंड हेयर प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ ने विभिन्न शहरों के अन्य नेताओं के साथ वुमेनोवेटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के लॉन्च की घोषणा की, जो एक अत्याधुनिक मंच है जो निर्बाध रूप से सक्षम बनाता है। व्यवसायों और अंतिम-मील के ग्राहकों के बीच संबंध। यह पहल सुनिश्चित करती है कि राजस्व सृजन सीधे महिलाओं के हाथों में हो, जिससे उन्हें बड़े ब्रांडों के ब्रांड एंबेसडर बनकर और घर से काम करके अपनी वित्तीय नियति को नियंत्रित करने में सशक्त बनाया जा सके।

वुमेनोवेटर के समर्थक और दीर्घकालिक सलाहकार सक्सेस ब्रू के संस्थापक और सीईओ श्री सौरभ गोयल और ईज़ीलीडज़ के संस्थापक और सीईओ श्री नितिन बजाज ने वुमेनोवेटर क्रिएटर पत्रिका और 100 पावर वुमेन पत्रिका का अनावरण किया, जो महत्वाकांक्षी लोगों की उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को बढ़ावा देने की उम्मीद करती है। और इस प्रयास के माध्यम से देश भर की बहादुर भारतीय महिलाएं। इन शानदार पहलों के शुभारंभ के बाद एक शानदार पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जहां हमारे सभी महत्वाकांक्षी सामग्री रचनाकारों के योगदान को उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

अपने भाषण में, अरोमा मैजिक के संस्थापक और वुमेनोवेटर के प्रतिष्ठित बोर्ड सदस्य डॉ. ब्लॉसम कोचर ने महिलाओं को सशक्त बनाने के मूल्य पर जोर दिया और उनसे एक समृद्ध समुदाय के लिए अपनी रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना को अपनाने का आग्रह किया। ट्विटर-इंडिया की पूर्व प्रमुख कनिका मित्तल, जिन्होंने अपने गतिशील नेतृत्व में ट्विटर की रणनीतियों में क्रांति ला दी, ने दर्शकों को अपनी मार्मिक कहानी और टिप्पणियों से प्रेरित किया। उन्होंने कॉर्पोरेट क्षेत्र में लैंगिक संवेदनशीलता और समावेशिता के महत्व के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा की। ये सेटिंग्स कांच की छत को सफलतापूर्वक तोड़ देंगी।

वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट 2023 ने जान्हवी सिंह, चेतना बलहारा, प्रज्ञा सैनी, प्रियंका मेहर, दीक्षा छाबड़ा, धैर्य गंगवानी, दीक्षा आनंद और अदिति शर्मा सहित सफल महिला प्रभावशाली लोगों की एक सूची प्रदान की। विजेताओं की पूरी सूची देखने के लिए कृपया वुमेनोवेटर वेबसाइट पर जाएँ। वूमेनोवेटर क्रिएटर फेस्ट का आयोजन गैर-लाभकारी संगठन वूमेनोवेटर (जीवीआरआईकेएसएच) द्वारा उत्तराखंड सरकार के सहयोग से किया जाता है, जो केजी सोमानी एंड सीओ एलएलपी, केईआई वायर्स एंड केबल्स और कैपिटल द्वारा प्रायोजित है।

# वामन द्वादशी मेले में भगवान नारायण ने दिया भक्तों को आशीर्वाद

रुद्रप्रयाग। शिव-पार्वती विवाह स्थली त्रियुगीनारायण में वामन द्वादशी मेले के अवसर पर हजारों भक्तों ने भगवान विष्णु के दिव्य दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। मेले के अंत में नर रूप में अवतरित भगवान नारायण ने निसंतान दंपत्तियों एवं भक्तों को अपना आशीष दिया। त्रियुगीनारायण में वामन द्वादशी मेले के समापन अवसर पर मंगलवार को पुजारी एवं वेदपाठियों ने पहले भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर भोग लगाया। जिसके बाद भगवान की भोगमूर्तियों को चांदी की थाल में सजाया गया। सेरशी गांव के नौटियाल वंश के लोगों ने चांदी की थाल में सजाई गई भोगमूर्ति को अपने सर के ऊपर रखकर ढोल नगाडों व भक्तों के जयकारों के साथ मंदिर की लगभग 31 परिक्रमाएं पूरी की गई। इस दौरान भक्तों के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान उपस्थित हजारों भक्तों ने भगवान विष्णु के दिव्य दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। परिक्रमा पूरे होने के बाद भैरवनाथ व भगवान नारायण के पश्व नर रूप अवतरित होकर संतान प्राप्ति के लिए उपवास पर बैठी 24 दंपत्तियों एवं अन्य भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया। भगवान नारायण का मंदिर परिक्रमा का दृश्य आकर्षण का केन्द्र रहा। अंत में भगवाल नारायण की भोगमूर्तियों को शुद्धिकरण के बाद गर्भगृह में स्थापित किया गया।

इस अवसर पर तीर्थ पुरोहित समिति के सचिव सर्वेश्वानंद भटट, मंदिर प्रबंधक अजय शर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद, मठापति पशुराम गैरोला, पुजारी रामेश्वर प्रसाद जमलोकी पूर्णानंद सेमवाल, कैलाशचन्द्र गैरोला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# देवप्रयाग विधानसभा के लिए दो इंडोर स्टेडियम की घोषणा

श्रीनगर गढ़वाल। देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी के नेतृत्व में भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण पर गए विधानसभा के हाईस्कूल टॉपरों के दल में शामिल छात्र-छात्राओं ने दिल्ली में केंद्रीय खेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को अपना जीवन लक्ष्य स्वयं तैयार करने के लिए प्रेरित किया। विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उनके अनुरोध पर विधानसभा देवप्रयाग के लिए दो इंडोर स्टेडियम की घोषणा की। उन्होंने विधायक कंडारी के टॉपर छात्रों को भारत दर्शन कराने के अभियान की भी सराहना की। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, कीर्तिनगर नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाशी जाखी, वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन भंडारी, रणजीत सिंह जाखी, डा. विजय मोहन गैरोला, सतीश बलूनी, लक्ष्मण बिष्ट, मंजू रावत, बसंती बुटोला, सुमन लिंगवाल, निकिता कोटियाल, प्रियंका नेगी, सुनीता भंडारी, देवेंद्र बिष्ट, नरेश नेगी आदि शामिल रहे।

# संस्कृत शिक्षा के लिए बजट की नहीं होगी कमी : डा. धन सिंह

श्रीनगर गढ़वाल। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगानाली में ब्लॉक स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी जगह दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कहा संस्कृत शिक्षा के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार को संस्कृत शिक्षा का हब बनाया जा रहा है। प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक रामचंद्र भट्ट ने कहा कि प्रतियोगिता में 18 विद्यालयों के 255 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन संस्कृत नृत्य, वाद-विवाद, आशु भाषण व स्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

मौके पर हयात सिंह झिंकवाण, लखपत भंडारी, खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी रावत, गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर शिक्षा मंत्री डा. रावत ने राजकीय पालीटेक्निक श्रीनगर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में प्रतिभाग किया। मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। हमें रक्तदान करके मानवता की सेवा करनी चाहिए। मौके पर आयुष्मान योजना के तहत बेस अस्पताल श्रीनगर एवं संयुक्त अस्पताल की टीम ने छात्र-छात्राओं के आभा आईडी कार्ड भी बनाए। शिविर में बेस चिकित्सालय ब्लड बैंक के इंचार्ज डा. सतीश कुमार, संयुक्त अस्पताल श्रीनगर के सीएमएस डा. नीरज राय, डा. दीपा हटवाल, प्राविधिक शिक्षा श्रीनगर के उप निदेशक एसके वर्मा, पॉलिटेक्निक श्रीनगर की प्रधानाचार्य सरिता कटियार, एएन नौटियाल आदि मौजूद रहे।